# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)
## बी–192,आवास विकास कालोनी, हरदोई।

दूरभाष सं0 05852–223112, eehardoi@yahoo.com


जल सारथी

पत्रांक : 4842 / वि-3 / 50 दिनांक : 09/09/2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषय :– **दैनिक भास्कर न्यूज पेपर में प्रकाशित खबर ''जरेली में जल जीवन मिशन की पाइपलाइन लीक, सड़क गड्ढों:दो साल पहले बनी सड़क क्षतिग्रस्त, ग्रामीणों को बड़े हादसे का डर'', के संबंध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक दैनिक भास्कर न्यूज पेपर में प्रकाशित खबर ''जरेली में जल जीवन मिशन की पाइपलाइन लीक, सड़क गड्ढों:दो साल पहले बनी सड़क क्षतिग्रस्त, ग्रामीणों को बड़े हादसे का डर'', शीर्षक का सदर्भ ग्रहण करने की कृपा करें। उपरोक्त खबर जनपद–हरदोई के विकास खण्ड हरियावां, तहसील सदर की जरेली पेयजल योजना से संबंधित है। उक्त की स्थलीय जांच खण्ड के जूनियर इंजीनयर द्वारा करायी गयी जिसकी आख्या निम्नवत है:–

| बिन्दु | प्रकाशित खबर | खण्ड की आख्या |
|---|---|---|
| 1. | हरदोई के जरेली गांव में ''जल जीवन मिशन'' की लापरवाही सामने आई है। करीब दो साल पहले बनी मुख्य संपर्क सड़क पाइपलाइन में लीकेज के कारण धीरे–धीरे गड्ढों में बदल रही है। इससे राहगीरों और वाहन चालकों के लिए हादसे का खतरा बढ़ गया है। | उक्त के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि ''जल जीवन मिशन'' कार्यक्रम (फेज–3) के अन्तर्गत कार्यदायी संस्था मै0 एन0सी0सी0 लि0, हैदराबाद द्वारा विकास खण्ड हरियावां, तहसील सदर की जरेली पेयजल योजनान्तर्गत 1 नग अवर जलाशय, 1 नग पम्प हाउस, 1 नग सोलर पैनल, 1 नग बाउण्ड्री बॉल, 1017 नग एफ0एच0टी0सी0 एवं 14.29 कि0मी0 पेयजल पाइप लाइन प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यों के सापेक्ष 1 नग अवर जलाशय, 1 नग पम्प हाउस, 1 नग 1 नग सोलर पैनल, 1 नग बाउण्ड्री बॉल, 1017 नग एफ0एच0टी0सी0 एवं 13.98 कि0मी0 पेयजल पाइप लाइन के कार्य पूर्ण करा लिये गये है। शेष कार्य प्रगति पर है।<br>शिकायत के संबंध में अवगत कराना है कि विकास खण्ड हरियावां, तहसील सदर की जरेली पेयजल योजना राजस्व गांव जरेली के ''जल जीवन मिशन'' कार्यक्रम के अन्तर्गत क्षतिग्रस्त हुये मार्ग की स्थायी पुर्नस्थापना का कार्य कर लिया गया है। वर्तमान में योजनान्तर्गत क्लोरीन युक्त पेयजलापूर्ति की जा रही है। |

अतः महोदय उपरोक्त आख्या आपकी सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित है।

**संलग्नकः– उपरोक्तानुसार।**

## फोटो संलग्नक







भवदीय

(मनीष गंगवार)
अधिशासी अभियन्ता

**पृष्ठसं० एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।**

**प्रतिलिपित–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।**

1. अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदय, हरदोई।
3. संबंधित सहायक अभियन्ता/अवर अभियन्ता।
4. जे0जी0एम0, एन0सी0सी0लि0 को इस निर्देश के साथ प्रेषित की उक्त योजनान्तर्गत शेष कार्यों को शीघ्रातिशीघ्र कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता